अब 6889 के अंतिम अंक को देखें, जो कि 9 है।

कोई भी संख्या जिसके अंत में 3 है उसका वर्ग करने पर अंतिम अंक 9 हुआ इसलिये संख्या जिसकी हमें तलाश है वो 83 हो सकती है।

लेकिन कोई भी संख्या जिसका अंतिम अंक 7 है उसके वर्ग के अंत में भी 9 होगा इसलिये संख्या 87 भी हो सकती है।

इसलिए उत्तर 83 या 87 है?

यहाँ निश्चय करने के दो सरल तरीके हैं, पहला अंक जोड़ का उपयोग कर। अगर $87^2 = 6889$ तब अंक–जोड़ में बदलने पर हमें मिला $6^2 \rightarrow 4$, जो सही नही है। लेकिन $83^2 = 6889$ होता है $2^2 \rightarrow 4$, इसलिये उत्तर **83** होना चाहिये।

दूसरा तरीका यह है कि चूंकि $85^2 = 7225$ और 6889 इससे **कम** है इसलिए $\sqrt{6889}$ भी 85 से **कम** होना चाहिये। इसलिये यह **83** होना चाहिये।

4 अंकों की पूर्ण वर्ग संख्या का वर्ग मूल निकालने के लिये हम उसका प्रथम अंक संख्या के प्रथम अंक को देखकर और संख्या के अंतिम अंक को देखकर हम दो संभावित अंतिम अंक निकालते हैं। तब हम या तो अंक जोड़ या औसत के वर्ग से यह निश्चय करते हैं कि कौनसा अंतिम अंक सही है।

17 $\sqrt{\mathbf{5776}}$ हल करें

शुरू के 57, 49 व 64 के बीच है, इसलिये पहला अंक 7 होना चाहिए।

अंत में 6 यह बतलाता है कि वर्गमूल का अंतिम अंक 4 या 6 है।
इसलिए उत्तर 74 या 76 है।

74^2 = 5776 होता है 2^2 →7 जो अंक जोड़ के हिसाब से सही नहीं है, इसलिए 74 उत्तर नही है।
76^2 = 5776 होता है 4^2 →7, जो सही है, इसलिये **76** सही उत्तर है।

74 और 76 में से किसी एक को चुनने का दूसरा तरीका कि हम ध्यान दें 75^2 = 5625 और 5776 इससे अधिक है। इसलिये यह **76** होना चाहिये।

नीचे दिये गये अभ्यास का उत्तर दिमागी स्तर पर निकालने की कोशिश करें, अगर आप कर सकते हैं तो सिर्फ उत्तर लिखें।

अभ्यास -**J** इनका वर्गमूल निकालें:

a 2116	**b** 5329	**c** 1444	**d** 6724
e 3481	**f** 4489	**g** 8836	**h** 361
i 784	**j** 3721	**k** 2209	**l** 4225
m 9604	**n** 5929		

a	**46**	**b**	**73**	**c**	**38**	**d**	**82**
e	**59**	**f**	**67**	**g**	**94**	**h**	**19**
i	**28**	**j**	**61**	**k**	**47**	**l**	**65**
m	**98**	**n**	**77**				

जैसा कि आपने देखा, जिन पूर्ण वर्ग संख्या के अंत में 5 है उनके वर्गमूल का अंतिम अंक भी 5 ही होगा, यहाँ सिर्फ एक संभावना है अंतिम अंक के लिये।

12.8 3 और 4 अंकों की संख्या

यह अध्याय 12.3 के आगे।
जैसा पहले बताया, 1–अंक का डुपलेक्स उसका वर्ग है : **D(4) = 4^2** = 16.
और 2–अंक का डुपलेक्स दोनों अंकों के गुणा का दुगना: D(35) = 2×3×5 = 30.

3–अंक या उससे बड़ी संख्या का डुप्लेक्स हम निकाल सकते हैं।

3 अंक के लिये है, **बाहरी जोड़े के अंकों के गुणनफल का दुगना+मध्य के अंक का वर्ग।**

D(137) = 2×1×7 + 3^2 = **23;**

4 अंक के लिये D है, **बाहरी जोड़े के अंकों के गुणनफल का दुगना+आंतरिक जोड़े के गुणनफल का दुगना**: D(1034) = 2×1×4 + 2×0×3 = **8;**

D(10345) = 2×1×5 + 2×0×4 + 3^2 = **19;**

और क्रमशः

अभ्यास -K नीचे दी हुई संख्या का डुपलेक्स निकालें:

a 3	**b** 34	**c** 47	**d** 1	**e** 88
f 234	**g** 282	**h** 111	**i** 304	**j** 270
k 1234	**l** 3032	**m** 7130	**n** 20121	**o** 32104

---

a	**9**	**b**	**24**	**c**	**56**	**d**	**1**	**e**	**128**
f	**25**	**g**	**72**	**h**	**3**	**i**	**24**	**j**	**49**
k	**20**	**l**	**12**	**m**	**6**	**n**	**5**	**o**	**25**

जैसा कि 2 अंकों की संख्याओं में संख्या का वर्ग उसके डुपलेक्स का केवल जोड़ है।

18 **341^2 = 116281.**

यहाँ हमारे पास 3 अंकों की संख्या:

D(3) = 9, D(34) = 24, D(341) = 22, D(41) = 8, D(1) = 1.

दिमागी स्तर पर: 9,24 = 114

114,22 = 1162

1162,8,1 = **116281.**

$4332^2 = 18766224$.

D(4) = 16, D(43) = 24, D(433) = 33, D(4332) = 34,
D(332) = 21, D(32) = 12, D(2) = 4.

दिमागी स्तर पर: 16,24 = 184

184,33 = 1873

187 3,34 = 18764

1876 4,21 = 187661

187661,12 = 1876622

1876622,4 = **18766224**.

अभ्यास -L नीचे दिये हुए का वर्ग निकालें:

a 212	**b** 131	**c** 204	**d** 513
e 263	**f** 264	**g** 313	**h** 217
i 3103	**j** 2132	**k** 1414	**l** 4144

a 44 944	**b 17 161**	**c 41 616**	**d 263 169**
e 69 169	**f 69 696**	**g 97 969**	**h 47 089**
i 9 628 609	**j 4 545 424**	**k 1 999 396**	**l 17 172 736**

"जो भी युक्ति संगत है उसे मानना चाहिये, चाहे वह एक बालक ने कहा हो या एक तोते ने और जो युक्ति संगत नही है उसे नही मानना चाहिये, चाहें वह किसी बड़े बूढ़े ने कहा हो या स्वयं महर्षि शुक ने।".
वैदिक गणित से पृष्ठ (xxx)से

अध्याय 13
समीकरण

सारांश

13.1 एक चरण (Step) समीकरण
13.2 दो चरण (Step)समीकरण
13.3 तीन चरण (Step) समीकरण
} – मानसिक एक लाईन समाधान



13.1 एक चरण (Step) समीकरण

समीकरण जैसे $x + 39 = 70$, $x - 7 = 8$, $3x = 15$ और $\frac{x}{3} = 7$ वैदिक सूत्र *''पक्षान्तरण कर उपयोग करें'' (Transpose and Apply)* का उपयोग कर सरलता से हल की जा सकती है।

पक्षान्तरण मतलब उल्टा और समीकरण हल करने में *Transpose and Apply* means का मतलब:

जहाँ संख्या को x-term: में **जोड़ा**ः दूसरी तरफ **घटाइये**
जहाँ संख्या को **घटाया**ः जोड़ें
जहाँ x-term को **गुणा** कियाः भाग दें
जहाँ x-term को **भाग** दियाः गुणा करें।

अभ्यास -A नीचे दी गई समीकरण को हल करें, प्रत्येक उत्तर के सत्यापन की जाँच करें:

a $x + 3 = 10$ **b** $x - 3 = 10$ **c** $20 + x = 100$ **d** $x - 19 = 44$

e $x + 88 = 100$ **f** $x - 3½ = 4½$ **g** $x + 123 = 1000$ **h** $x + 1.3 = 5$

i $5x = 35$ **j** $2x = 26$ **k** $3x = 960$ **l** $2x = 76$

m $40x = 120$ **n** $2½x = 10$ **o** $\frac{X}{7} = 7$ **p** $\frac{X}{4} = 5$

---

a 7 b 13 c 80 d 63
e 12 f 8 g 877 h 3.7
i 7 j 13 k 320 l 38
m 3 n 4 o 49 p 20

यह, जरूर केवल मानसिक अंकगणित की बात है और इसी तरह पढ़ाया जा सकता है।

13.2 दो स्टेप समीकरण

कभी–कभी दो या अधिक बार सूत्र *''पक्षान्तरण कर उपयोग करें''* ***(Transpose and Apply)*** के उपयोग की आवश्यकता होती है, जैसा नीचे दिया उदाहरण बताता है।

1 **2x + 3 = 13** को हल करें।

हम समीकरण के दोनों तरफ से 3 निकालते हैं इससे मिलता है 2x = 10.

तब आप देखेंगे कि **x = 5** उत्तर है:

जाँच करना : 2×**5** + 3 = 13 इसलिए यह सही है।
यहाँ *''Transpose and Apply''* के दो अनुप्रयोग हैं:
पहिला +3 बताता है कि हम 3 घटायें 13 से (10 पाने के लिए),
तब 2x बताता है कि हम 10 को 2 से भाग दें।

2 हल करें **5x – 4 = 36**.

सूत्र का उपयोग कर हम 4 को जोड़ते हैं 40 पाने के लिये।
तब 40÷5 = 8, इसलिए **x = 8**.

जाँच: 5×**8** – 4 = 36.

प्रश्न के चरण इस तरह लिखना सही है,

5x – 4 = 36
5x = 40
x = 8

लेकिन विद्यार्थी सीधे भी उत्तर लिखने लायक होना चाहिये।

3 $\frac{x}{7}$ **+ 3 = 5** हल करें

यहाँ हम 5 से 3 निकालते हैं 2 पाने के लिये,
तब 2 को 7 से गुणा किया, इसलिए **x = 14**.

4 $\frac{2x}{3}$ **= 4** हल करें

3 को 4 से गुणा कर 12 पाने के लिये,
तब 12÷2=6, इसलिए **x = 6**.

5 हल करें $\frac{x-3}{4}=5$

क्योंकि बायें और सभी में 4 से भाग है, हम 4 से दोनों तरफ गुणा करने से शुरू करते हैं, तब हम परिणाम में 3 जोड़ते हैं जिससे प्राप्त हुआ **x = 23**

अभ्यास -B नीचे दी गई समीकरण को मानसिक स्तर पर हल करें, आपके उत्तर को जाँचे

a $3x + 7 = 19$ **b** $2x + 11 = 21$ **c** $4x - 5 = 7$ **d** $3x - 8 = 10$

e $\frac{x}{3} + 4 = 6$ **f** $\frac{x}{2} - 8 = 2$ **g** $\frac{2x}{3} = 8$ **h** $\frac{x+4}{7} = 5$

i $\frac{x-21}{10} = 1$ **j** $2x + 1 = 3.8$

---

a 4 b 5 c 3 d 6
e 6 f 20 g 12 h 31
i 31 j 1.4

13.3 3 चरण (Step) समीकरण

कभी–कभी हमें समीकरण हल करने के लिये 3–चरण(Step) की आवश्यकता होती है। पर फिर भी यह केवल मानसिक अंकगणित की बात है।

6 हल करें $\frac{3x}{5}+4=10$

पहिले $10 - 4 = 6$, तब $6\times5 = 30$, तब $30\div3 = 10$ इसलिये **x = 10**.

7 $\frac{3x+2}{4}=8$ हल करें

पहिले $8\times4 = 32$, तब $32-2 = 30$, तब $30\div3 = 10$ इसलिए **x = 10**.

8 **2(3x + 4) = 38** हल करें।

कोष्टक यहाँ बताता है कि (3x + 4) को कोष्टक के बाहर दिये गए अंक से गुणा किया जा रहा है।
इसलिए हम 38 को 2 से भाग देने से शुरू करते हैं।
पहले 38 ÷ 2 = 19, तब 19 – 4 = 15, तब 15 ÷ 3 = 5 इसलिए **x = 5**.

दूसरा तरीका यहाँ हम कोष्टक के बाहर की संख्या से पहिले गुणा करें:
अगर 2(3x + 4) = 38 तब 6x + 8 = 38
और इसलिए 38 – 8 = 30 और 30 ÷ 6 = **5**.

अभ्यास -C नीचे दिये हुए को मानसिक स्तर पर हल करें:

a $\frac{2x}{3} + 4 = 8$ **b** $\frac{3x}{5} - 4 = 5$ **c** $\frac{7x}{2} - 10 = 11$ **d** $\frac{2x}{3} + 4 = 8$

e $\frac{2x+1}{3} = 4$ **f** $\frac{2x-3}{5} = 3$ **g** $\frac{5x+2}{3} = 9$ **h** $\frac{6x-1}{7} = 5$

i 3(5x – 2) = 54 **j** 8(x + 3) = 64 **k** 3(7x – 3) = 33 **l** 2(4x + 3) = 102

---

a 6 **b 15** **c 6** **d 8**
e 5.5 **f 9** **g 5** **h 6**
i 4 **j 5** **k 2** **l 12**

"इन सभी के पीछे का मूल भूत सिद्धांत है–परावर्त्य योजयेत
जिसका अर्थ है ''परिवर्तन या पक्षांतरण तथा समायोजन''।
इसके अनुप्रयोग अनेक तथा बहुत उपयोगी हैं।."
वैदिक गणित से, पेज नं. 911

अध्याय 14
भिन्न



सारांश

14.1 खड़े और आड़े तिरछे – भिन्न का जोड़ना और घटाना
14.2 सरलीकरण
14.3 भिन्न की तुलना
14.4 कार्य का एकीकरण: भिन्न के +, –, ×, ÷ सभी सरलता से सम्बन्धित हैं।

14.1 सीधे (खड़े) और तिरछे दोनो प्रकार से

भिन्न को जोड़ना व घटाना अधिकतर काफी कठिन होता है क्योंकि तरीका जटिल व याद रखना कठिन है। लेकिन सूत्र *''सीधे (खड़े) और तिरछे''* त्वरित उत्तर देता है।

1 हल करें $\frac{2}{3} + \frac{1}{7}$

अंश को निकालने के लिये हम तिरछे गुणा कर जोड़ते हैं: $2\times7 + 1\times3 = \mathbf{17}$,

तब 'हर' (Denominators) निकालने के लिये दोनो हर का गुणा करते हैं:: $3\times7 = \mathbf{21}$.



इसलिए $\frac{2}{3}+\frac{1}{7}=\frac{17}{21}$

यह क्यों काम करता है इसका कारण है कि भिन्न को जोड़ने के लिये दोनों हर को समान होना चाहिए, और यह हम $\frac{2}{3}$ में उपर और नीचे 7 का गुणा करके (हर 21 प्राप्त करने के लिये) और $\frac{1}{7}$ में उपर और नीचे 3 का गुणा करते हैं (वही 'हर', 21 प्राप्त करने के लिये)। इसलिये प्रत्येक अंश से दूसरे हर का गुणा होता है और बिल्कुल यही हमनें किया।

3 $7\frac{4}{5}+2\frac{1}{3}$ हल करें

$7\frac{4}{5}+2\frac{1}{3}=9\frac{17}{15}=10\frac{2}{15}$ यहाँ हम पूरे अंक के भाग को और भिन्न को अलग–अलग जोड़ते हैं: पूरे अंक $7+2=9$ और भिन्न: $4\times3 + 1\times5 = 17$, अंश, हर $5\times3 = 15$.

'अंश' (Numerator), 'हर' (Denominator)

घटाने के लिये वही तरीका उपयोग करते हैं।

3 हल करें a. $\frac{6}{7}-\frac{1}{4}$ b. $5\frac{4}{5}-1\frac{3}{4}$ c. $4\frac{1}{3}-1\frac{2}{5}$

a घटाना भी वैसा ही है सिर्फ इसके कि हम तिरछे गुणा कर जोड़ने के बजाय घटाते हैं। उपर बायें से शुरू करने का सुनिश्चत करें ।

$$\frac{6}{7}-\frac{1}{4}=\frac{6\times4-1\times7}{7\times4}=\frac{17}{28}$$

b. $5\frac{4}{5}-1\frac{3}{4}=4\frac{4\times4-3\times5}{5\times4}=4\frac{1}{20}$ यहाँ भी इसी तरह लेकिन पहिले पूरे अंक वाले भाग को जोड़ें।

c. $4\frac{1}{3}-1\frac{2}{5}=3\frac{1\times5-2\times3}{3\times5}=3\frac{1}{15}=2\frac{14}{15}$ यहाँ हमें ऋणात्मक अंक मिलता है, लेकिन उसे आसानी से हटाया जा सकता है, एक पूरे अंक से 1/15 घटाकर वैकल्पिक रूप से ऋणात्मक संख्या से यहाँ बचा जा सकता है, दोनो मिश्रित भिन्न को अलग तरीके से लिख कर (जैसे $4\frac{1}{3}=\frac{13}{3}$ और $1\frac{2}{5}=\frac{7}{5}$)। इसका मतलब है कि हमें बड़ी संख्या के साथ काम करना पड़ेगा।

अभ्यास -A निम्नलिखित को संयोजन करें, आपके उत्तर को रद्द करते हुए या मिश्रित भिन्न में रखकर जहाँ आवश्यक हो:

a $\frac{2}{5}+\frac{1}{4}$ **b** $\frac{3}{8}+\frac{2}{5}$ **c** $\frac{1}{2}+\frac{2}{5}$ **d** $1\frac{1}{3}+2\frac{1}{4}$

e 3 $3\frac{3}{4}+2\frac{1}{3}$ **f** $\frac{3}{5}-\frac{2}{7}$ **g** $\frac{8}{9}-\frac{1}{2}$ **h** $\frac{3}{4}-\frac{1}{20}$

i $5\frac{3}{5}-2\frac{1}{2}$ **j** $10\frac{2}{3}-1\frac{4}{5}$ **k** $\frac{5}{12}+\frac{7}{18}$

---

a. $\frac{13}{20}$ b. $\frac{31}{40}$ c $\frac{9}{10}$ d $3\frac{7}{12}$
e $6\frac{1}{12}$ f $\frac{11}{35}$ g $\frac{7}{18}$ h $\frac{7}{10}$
I $3\frac{1}{10}$ j $8\frac{30}{15}$ k $\frac{29}{36}$

बीजगणितिय प्रमाण $\frac{a}{b}+\frac{c}{d}=\frac{ad+cb}{bd}$

बिल्कुल यही तरीका बीजगणितिय भिन्न के लिये उपयोग कर सकते हैं जैसा संख्यात्मक भिन्न के लिये उपयोग किया है।

हम यहाँ ध्यान दे सकते हैं कि अक्सर भिन्न क्षैतिज (Horizontally) रूप से लिखते हैं, उदाहरण के लिये $\frac{2}{3}$ को लिखते हैं 2/3. (यह अनुपात नोटशन (2:3) और Placevalue के साथ अधिक तर्कयुक्त है)अगर भिन्न इस तरह लिखी तो सूत्र तिरछे और क्षैतिज (उदाहरण 1 देखें)के बजाय तिरछे व खड़े हो जायेगा।

इसलिए $\frac{2}{3}+\frac{1}{7}$:

$$\begin{array}{r} 2/3 \\ 1/7 + \\ \hline 17/21 \end{array}$$

14.2 एक सरलीकरण

आपने अंतिम अभ्यास का अंतिम प्रश्न किया (और प्रश्न h में), संख्याऐं काफी बड़ी थी और अन्त में 'अंश' व 'हर' में कुछ कॉमन फेक्टर को निरस्त करना पड़ा।
जब दो भिन्नों के 'हर' अपेक्षाकृत अविभाज्य (prime) नहीं हैं तब निम्न उदाहरण से क्रिया को सरल किया जा सकता है ।

4 $\frac{5}{12}+\frac{7}{18}$ में हर अपेक्षाकृत अभाज्य (Prime) नहीं हैः वहाँ कामन फैक्टर 6 है। हम दोनों हर को इस कामन फैक्टर से भाग देते हैं और उन्हें हर के नीचे रखते हैं (जैसा दिखाया है।):

$$\frac{5}{12}+\frac{7}{18}=\frac{5\times3+7\times2}{12\times3}=\frac{29}{36}$$
$$\begin{matrix} \\ (2) \end{matrix} \qquad \begin{matrix} \\ (3) \end{matrix}$$

इसलिए हम 2 और 3 को 12 व 18 के नीचे रखते हैं।
जब हम (cross-multiply) तिरछे गुणा करें तो 12 और 18 के बजाय 2 और 3 का उपयोग करें। हर के उत्तर के लिये हम हर को उनके नीचे लिखे अंकों से तिरछे गुणा करेंः या तो 12×3 या 18×2, दोनो 36 देंगे।

जिस भिन्न का 'हर' (Denominator) अपेक्षाकृत अविभाज्य (prime) नही है, उनको घटाने का काम, इसी तरह किया जाता है सिवाय कि हम 'अंश' को पहिले की तरह घटायें।

अभ्यास -B निम्नलिखित को जोड़ने या घटाने के लिये इस सरलीकरण का उपयोग करें:

a $\frac{1}{3}+\frac{4}{9}$ **b** $\frac{3}{8}+\frac{1}{6}$ **c** $\frac{3}{5}+\frac{3}{10}$ **d** $\frac{5}{6}-\frac{3}{4}$

e $\frac{5}{6}+\frac{3}{4}$ **f** $\frac{5}{18}-\frac{1}{27}$ **g** $3\frac{3}{4}-1\frac{1}{8}$ **h** $\frac{7}{36}-\frac{11}{60}$

a $\frac{7}{9}$ **b** $\frac{13}{24}$ **c** $\frac{9}{10}$ **d** $\frac{1}{12}$
e $1\frac{7}{12}$ **f** $\frac{13}{54}$ **g** $2\frac{5}{8}$ **h** $\frac{1}{90}$

14.3 भिन्न की तुलना

कभी–कभी हमें यह जानने की आवश्यकता होती है कि क्या भिन्न एक दूसरे से छोटी है या बड़ी, हमें भिन्न को उनके मान के हिसाब से रखना हो सकता है।

5 भिन्न $\frac{4}{5}, \frac{2}{3}, \frac{5}{6}$ को बढ़ते हुए क्रम में लिखें।

पहिले दो भिन्न को देखते हुए तिरछा गुणा करें और घटायें भिन्न को घटाने की तरह। जैसे हम भिन्न को घटाना चाहते हैं।
अगर हम पायें कि घटाना संभव है बिना ऋणात्मक परिणाम के तब पहली भिन्न बड़ी है:
चूकि 4×3 ज्यादा है 2×5, से, इसलिये $\frac{4}{5}$ बड़ी $\frac{2}{3}$

यही $\frac{2}{3}$ और $\frac{5}{6}$ के साथ करने पर हम पाते हैं कि 2×6 छोटा है 5×3 से, इसलिये 5/6 बड़ा है 2/3 से।
अगर हम अब $\frac{4}{5}$ को $\frac{5}{6}$ से तिरछे गुणा करें हम पाते हैं कि $\frac{5}{6}$ बड़ा है।
इसलिये बढ़ते क्रम में भिन्न है: $\frac{2}{3}, \frac{4}{5}, \frac{5}{6}$

अभ्यास -C निम्नलिखित भिन्न को बढ़ते क्रम में रखें:

a $\frac{1}{3}, \frac{2}{5}$ **b** $\frac{3}{4}, \frac{8}{11}$ **c** $\frac{2}{3}, \frac{7}{12}, \frac{3}{4}$ **d** $\frac{5}{6}, \frac{5}{8}, \frac{6}{7}$

a $\frac{1}{3}, \frac{2}{5}$ **b** $\frac{8}{11}, \frac{3}{4}$ **c** $\frac{7}{12}, \frac{2}{3}, \frac{3}{4}$ **d** $\frac{5}{8}, \frac{5}{6}, \frac{6}{7}$

14.4 कार्य का एकीकरण

भिन्न को गुणा करना और भाग देना भी बहुत सरल है।

6 हल करें a. $\frac{1}{2}\times\frac{3}{4}$ b. $\frac{3}{4}\div\frac{2}{5}$

a. $\frac{1}{2}\times\frac{3}{4}=\frac{1\times3}{2\times4}=\frac{3}{8}$ हम अंश का उत्तर पाने के लिये दोनो अंश का गुणा करें, और 'हर' का उत्तर पाने के लिये दोनों हर का गुणा करें।

b. $\frac{3}{4}\div\frac{2}{5}=\frac{3\times5}{2\times4}=\frac{15}{8}=1\frac{7}{8}$ हम तिरछे गुणा कर प्रथम गुणा को दूसरे के उपर रखते हैं।

.

जोड़, घटाना, गुणा, भाग चारों अब ऐसे दिखते हैं कि उनमें बहुत अधिक एकीकृत सम्बन्ध हैं।

हम इन्हें संक्षेप में ऐसे लिख सकते हैः

जोड़ना	घटाना	गुणा करना	भाग देना
$\frac{4}{5}\times\frac{1}{3}$	$\frac{4}{5}\times\frac{1}{3}$	$\frac{4}{5}-\frac{1}{3}$	$\frac{4}{5}\times\frac{1}{3}$

अध्याय 15
विशेष विभाजन

सारांश

15.1 9 से भाग
15.2 8 से भाग
15.3 99, 98 से भाग
15.4 भाज्य आधार संख्या के नीचे
15.5 भाज्य आधार संख्या के ऊपर

15.1 9 से भाग देना

जैसा कि आपने पहले देखा, अंक 9 विशेष है और 9 से भाग देने का बहुत सरल तरीका है।

1 **23 ÷ 9** हल करें

9) 2 3
2 r 5

23 का प्रथम अंक उत्तर है: 2.
और 23 के दोनों अंक को जोड़ने पर शेष मिलता है 2 + 3 = 5.

इसलिए **23 ÷ 9 = 2 remainder 5**.

यह देखना काफी सरल है कि यह क्यों काम करता है, क्योंकि प्रत्येक 10 में एक ही 9 है।
चूंकि दो 10 में दो 9 हैं व शेष 2.
उत्तर वही है जैसा कि शेष, 2
और इसलिए हम शेष प्राप्त करने के लिए 2 को 3 में जोड़ते हैं।

अभ्यास -A 9 से भाग दें:

a 9)51 **b** 9)34 **c** 9)17 **d** 9)44

e 9)60 **f** 9)71 **g** 9)26 **h** 9)46

---

a 5 r6 b 3 r7 c 1 r8 d 4 r8
e 6 r6 f 7 r8 g 2 r8 h 4 r10 = 5 r1

ऐसा हो सकता है कि शेष में दूसरा 9 हो, जैसा अंतिम अभ्यास के अंतिम प्रश्न में हुआ और ऐसा ही अगला उदाहरण दर्शाता है।

2 **66 ÷ 9** हल करें

9)6 6
6 r 12 = **7 r 3**

हमें मिला 6 और शेष 12 और यहाँ दूसरा 9 शेष 12 में है।

इसलिए हम एक अतिरिक्त 9 को 6 में जोड़ते हैं, जो 7 हो जाता है और शेष घटकर 3 (12 से 9 निकालें)

3 **58 ÷ 9** हल करें

9)5 8
5 r 13 = **6 r 4**

याद रखें कि 66 में कितने 9 हैं यह, निकालने की कोशिश कर रहे हैं और पहला जवाब आपको मिला 6 और शेष 12. इसलिए वहाँ 6 नौ के साथ 12 शेष हैं। चूंकि 12 में एक और 9 है, आपके पास इसलिए कुल 7 नौ व 3 शेष हैं।

आप अंतिम शेष 3, को 12 के अंक–जोड़ से भी प्राप्त कर सकते हैं।

अभ्यास -B निम्नलिखित को 9 से भाग दें:

a 9)57 **b** 9)77 **c** 9)58 **d** 9)49

e 9)64 **f** 9)88 **g** 9)96

---

a 6 r3 **b 8 r5** **c 6 r4** **d 5 r4**
e 7 r1 **f 9 r7** **g 10 r6**

अद्वितीय गुण अंक 9 का, जो 10 से एक कम है, कई बहुत सरल वैदिक तरीके की और ले जाता है, जैसा अध्याय 15.2, 15.3, 15.4 क्रमशः भिन्न को आवर्ती दषमलव रूप में बदलने के तरीके को मेन्यूवल 2 में देखें (या संदर्भ 1 और 3) तथा अनुरूप बीजगणितीय उपयोग।

बड़ी संख्याऐं

इसे बड़ी संख्या के लिये सरलता से विस्तारित किया जा सकता है।

4 **2301 ÷ 9 = 255 remainder 6.**

प्रश्न को इस तरह लिख सकते हैं: 9)2301

2301 के पहिले अंक 2 को सीधे उत्तर में ला सकते हैं :

9)2301
↓
2

इस 2 को 2301 के 3 में जोड़ा, और 5 को नीचे रखा:

9)2301
↗
25

इस 5 को 2301 के ''0'' में जोड़ा और 5 को नीचे रखा:

9)2301
25 5

इस 5 को 1 में जोड़ा, शेष 6 हुआ:

9)2301
↗
25 5r6

संख्या जिसमें भाग दे रहे हैं का प्रथम अंक उत्तर का प्रथम अंक है, उत्तर का प्रत्येक अंक भाजक के अगले अंक में जोड़ते हैं जो कि उत्तर का अगला अंक होता है। अंतिम में जो हम लिखते हैं वह शेष है ।

अभ्यास -C निम्नलिखित को भाग दें:

a 9)2123 **b** 9)312 **c** 9)11202

d 9)431 **e** 9)5030 **f** 9)707

g 9)2030010 **h** 9)164 **i** 9)31032

a 235 r8 **b 34 r6** **c 1244 r6**
d 47 r8 **e 558 r8** **f 78 r5**
g 22556 r6 **h 18 r2** **i 3448 r0**

हांसिल

9 से भाग देने का तरीका जो आपने उपयोग किया है, में ऐसा हो सकता है कि उत्तर में 2 अंकों की संख्या आए।

3172 ÷ 9 हल करें

9) 3 1 7 2
3 4 $_1$1 r 13 = **352, शेष 4**

यहाँ आप देखें आपको 11 और 13 मिलाः
11 में पहिला 1 हांसिल के रूप में 4 में जुड़ने पर देता है 351,
और शेष में दूसरा 1 है इसलिये हमें मिला **352** और शेष **4**।

अभ्यास **D** निम्नलिखित को भाग दें:

a 9)6 1 5 3 **b** 9)3 2 8 2 **c** 9)5 5 5

d 9)8 2 5 2 **e** 9)6 6 1 **f** 9)4 7 4 1

g 9)1 2 3 4 5 **h** 9)4 7 4 7 **i** 9)2 0 0 8 2

a 683 rem 6	**b 364 rem 6**	**c 61 rem 6**
d 916 rem 8	**e 73 rem 4**	**f 526 rem 7**
g 1371 r6	**h 527 r4**	**i 2231 r3**

छोटा तरीका

हम दो अंकों को टाल सकते हैं। उपर दिये हुए उदाहरण 5 को इस प्रकार करें।

3172 ÷ 9 हल करें

हम बड़ी संख्या जैसे 11 और 13 को टाल सकते हैं।
पिछले उदाहरण में हम ध्यान दें, 4 को नीचे रखने के पहले, कि अगले चरण 2 अंक देगा और इसलिए हम नीचे 4 के बजाय 5 रखते हैं:

9) 3 1 7 2
3 5 2 r 4

तब 5 को 7 में जोड़ने पर 12 हुआ लेकिन इसका एक हांसिल पहिले ही ले चुके हैं हम सिर्फ 2 नीचे रखें। अन्त में , 2+2 = 4.

7 **777 ÷ 9** हल करें

9) 7 7 7
8 6 r 3

अगर हम 7 को पहला अंक रखते हैं तो हम अगले चरण में 14 पाते हैं, इसलिये हम 8 रखते हैं।
8+7 = 15 और 1 हांसिल पहिले ही उपयोग कर लिया है।

अब, अगर हम 5 नीचे रखते हैं, हम देखते हैं कि 2 अंक अगले चरण में आते हैं, इसलिये हम 6 नीचे रखेंगे।

6+7 = 13 और 1 पहले ही उपयोग कर लिया है, इसलिए हम सिर्फ 3 नीचे रखते हैं।

अभ्यास E निम्नलिखित को 9 से भाग दें:

a 6153	**b** 3272	**c** 555	**d** 8252
e 661	**f** 4741	**g** 5747	**h** 2938
i 12345	**j** 75057	**k** 443322	**l** 1918161

a 683 rem 6	**b 363 rem 5**	**c 61 rem 6**	**g 638 rem 5**
d 916 rem 8	**h 326 rem 4**	**l 213129**	
e 73 rem 4	**f 526 rem 7**	**i 1371 rem 6**	**j 8339 rem 6**
k 49258			

15.2 8 से भाग देना

9 से भाग देने के सरल तरीके को 8, 7 आदि के लिये विस्तारित किया जा सकता है।

8 माना कि हम **31** को **8** से भाग देना चाहते हैं।

8) 3 1
3 r 7

हम पहिले **3** को उत्तर में नीचे लायें।
तब इस 3 को एक में जोड़ने के बजाय जैसा हम 9 से भाग देने में करते हैं, हम 3 को दुगना करके 1 में जोड़ते हैं जिससे **7** शेष के रूप में मिलता है हम 3 को **दुगना** करते हैं क्योंकि 8, दस से **2** कम है।

अभ्यास -F इन कुछ को कोशिश करें:

a 8) 2 2 **b** 8) 1 5 **c** 8) 2 5 **d** 8) 5 1

a 2 r6 b 1 r7 c 3 r1 d 6 r3

9 इसी तरह 211 को 8 से भाग के लिये:

8) 2 1 1
2 5 r 1 1 = 26 r 3

हम पहिले 2 को नीचे लायें,
इसको दुगना करें और अगले कॉलम के 1 में जोड़ कर 5 को नीचे रखें।
फिर 5 को दुगना करके अंतिम कॉलम के एक में जोड़ कर 11 को शेष के जैसा नीचे रखें।
चूकि इस शेष 11 में एक और 8 हैं, हम अपने उत्तर को **26 शेष 3** में बदलते हैं।

अभ्यास -G निम्नलिखित को कोशिश करें।

a 8) 1 1 1 **b** 8) 1 5 1 **c** 8) 1 0 0 **d** 8) 2 1 4 **e** 8) 1 1 2 1

a 13 r7 b 18 r7 c 12 r4 d 26 r6 e 140 r1

10 अब 7 से भाग देने के लिये जो कि 10 से 3 कम है, हमें प्रत्येक चरण के अंतिम उत्तर के अंक को तीन गुना करना चाहिये।

7) 1 1 और **7) 1 2 3**
1 r 4 **1 5 r18 = 17 r4**

अभ्यास -H इन्हें कोशिश करें:

a 7) 1 3 **b** 7) 3 1 **c** 7) 2 3 **d** 7) 4 0

e 7) 1 0 3 **f** 7) 1 1 1 **g** 7) 1 0 0

a 1 r6 b 4 r3 c 3 r2 d 5 r5
e 14 r5 f 15 r6 g 14 r2

15.3 99, 98... से भाग देना

11 मानो कि हम संख्या **121314 को 99 से भाग देना** चाहते हैं।

यह 9 से भाग देने की तरह है, लेकिन क्योंकि 99 में दो 9 हैं, हम उत्तर **एक साथ दो अंकों में** निकाल सकते हैं।

संख्या को जोड़ों में करने का सोचें: 12 / 13 / 14 जहाँ अंतिम जोड़ा शेष का भाग है।

तब 12 को उत्तर के प्रथम भाग की तरह लिखें। **99) 12 / 13 / 14**
12

इसके बाद 12 को 13 में जोड़ें 25 को अगले भाग की तरह लिखें। अंत में 25 को अंतिम जोड़े (pair) में जोड़ें और 39 को शेष के तौर पर लिखें ।

99) 12 / 13 / 14
12 / 25

99) 12 / 13 / 14
12 / 25 / 39

इसलिये उत्तर **1225 और शेष 39** है।

अभ्यास -I 99 से भाग दें:

a 121416 **b** 213141 **c** 332211 **d** 282828 **e** 363432

f 11221122 (इसमें 4 जोड़े (pair)हैं, लेकिन तरीका वही है) **g** 3456 (इसमें 2 जोड़े हैं)

a 1226 r42 **b 2152 r93** **c 3355 r66** **d 2856 r84** **e (3670 r102) 3671 r3**
f 113344 r66 **g 34 r90**

98 से भाग देना इसी तरह है ।

12 **121314 ÷ 98 = 1237 शेष 88.**

.

यह पहिले जैसा ही है, लेकिन 100, 98 से **2** कम है हम उत्तर के अंतिम भाग को **दुगना** करते हैं, (इसके पहिले कि उसे प्रश्न के दूसरे भाग में जोड़ें)।

इसलिय हम पहिले की तरह शुरू कर 12 को नीचे उत्तर में लिखें **98) 12 / 13 / 14**
12

तब 12 को दुगना कर 13 में जोड़ें 37 पाने के लिये: **98) 12 / 13 / 14**
12 / 37

अन्त में 37 को दुगना करें और इसे 14 मे जोड़ें: **98) 12 / 13 / 14**
12 / 37 / 88 = 1237 शेष 88

अभ्यास -J 98 से भाग दें:

a 112203	**b** 102010	**c** 131313	**d** 200202	**e** 2131
a 1144 r91	**b 1040 r90**	**c 1339 r91**	**d 2042 r86**	**e 21 r 73**

इसी तरह हम संख्याऐं जैसे 97 और 999 से भी भाग दे सकते हैं।

15.4 भाजक आधार से कम

जैसा कि आपने देखा 9 से भाग देना सरल है।
इसी तरह दूसरे आधार (जैसे 100, 1000 आदि) के पास की संख्याओं से किसी भी संख्या को भाग देना सरल है।

13 माना कि हम 235 को 88 से भाग देना चाहते हैं। जो कि 100 के पास है।

हमें जानने की आवश्यकता है कि कितने 88 हम 235 से निकाल सकते हैं और इसके बाद शेष क्या है।
चूंकि प्रत्येक 100 में एक 88 है यहाँ 235 में साफ तौर पर दो 88 हैं। और शेष दो 12 (क्योंकि 100, 88 से 12 कम है) अतः 24 और 200 के आगे के 35 को जोड़ते हैं ।
इसलिये उत्तर है 2 शेष 59(24+35=59) ।
एक साफ तरीका भाग देने का इस प्रकार है

88)2 3 5

हम दाय सें और दो अंकों को अलग करते हैं क्योंकि 88 पास है 100 के (जिसमें दो शून्य हैं)

तब चूंकि 88 बारह कम है 100 से, हम 12 को 88 के नीचे रखते हैं जैसा नीचे बताया है

8	**8)2**	**3**		**5**
1	2		2	4
		2	**5**	**9**

हम पहिले अंकों 2 को उतर में नीचे लाते हैं।
इस 2 का तब ध्वज 12 में गुना करते हैं और 24 को 35 के नीचे रखते हैं जैसा उपर बताया है। हम तब अंतिम 2 कालम को जोड़ते हैं।

ध्यान दें कि 88 का 100 से अंतर सूत्र *''सभी 9 से ओर अंतिम 10 से''* (*All from 9 and the Last from 10)* से मिलता है।

यह भी ध्यान रखें कि **खड़ी रेखा की स्थिति हमेशा आधार संख्या में जितने शून्य हैं उससे निर्धारित होती है:** अगर आधार संख्या में 4 शून्य हैं तब खड़ी रेखा दायें से 4 अंक होगी और इसी तरह आगे के आधार के लिये भी।

यह आसानी से समझा जा सकता है कि जब पहिले 2 को उत्तर में नीचे रखते हैं, तब हम 235 में दो 88 की उम्मीद करते हैं । चूंकि प्रत्येक 100 में एक 88 है, 12 को छोड़ कर, दो 100 में दो 88 होगें और दो 12 शेष, जिसे 35 में जोड़ना चाहिये पूरा शेष 59 निकालने के लिये।

14 भाग दें – **31313** को **7887.** से

हम प्रश्न को पहले की तरह जमायें: **7 8 8 7) 3 | 1 3 1 3**

7 8 8 7) 3 | 1 3 1 3
2 1 1 3 | 6 3 3 9
3 | 7 6 5 2

सूत्र *''सभी 9 से और अंतिम 10 से''* (*All From 9 and the Last From 10)* लगाने पर 7887 से 2113 प्राप्त हुआ ।
3 को नीचे उत्तर में लायें (31313 का प्रथम अंक)
अब हम इस (3 को) ध्वज में गुणा करते हैं और 6339 को बीच की लाईन में रखें। तब अंतिम 4 कालम जोड़ने पर शेष 7652 मिलता है।

अभ्यास -K निम्नलिखित को भाग दें (जितने आप मानसिक स्तर पर कर सकते हैं करें):

a 88)1 2 1 **b** 76)2 1 1 **c** 83)1 3 2

d 98)3 3 3 **e** 887)1 2 2 3 **f** 867)1 5 1 3

g 779)2 2 2 2 **h** 765)3 0 0 1 **i** 8907)1 3 1 0 3

j 7999)1 2 3 2 1 **k** 7789)2 1 0 1 2 **l** 8888)4 4 3 4 4

a 1/33 b 2/59 c 1/49
d 3/39 e 1/336 f 1/646
g 2/664 h 3/706 i 1/4196
j 1/4322 k 2/5434 l 4/8792

दो अंक के उत्तर

यहाँ हम ऐसी स्थिति को देखते हैं जहाँ उत्तर में एक से अधिक अंक हों।

15 **1108 ÷ 79** = 13 शेष 81 = **14 शेष 2.**

हम दाहिने से दो अंक छोड़ते हुए नीचे दर्शाये तरीके से निशान लगायें क्योंकि यहाँ उत्तर दो अंकों में है:

7 9) 1 1 0 | 8

7 9) 1	**1**	**0**	**8**
2 1	2	1 6	3
1	**3**	**8**	**1**

पहिले 1 को नीचे उत्तर में लिखें।
ध्वज (Flag) 21 को 1 से गुणा करें उत्तर (21) को दूसरी पंक्ति में जैसा बताया है रखें।

दूसरे स्तंभ में जोड़ने पर 3 प्राप्त हुआ जिसे नीचे रखें तब 21 को 3 से गुणा करें 63 प्राप्त करने के लिये, जिसे हमने तीसरी पंक्ति में रखा, जैसा दिखाया है।

अंतिम दो स्तंभ को जोड़ें, लेकिन चूंकि शेष, 81, भाजक (79) से बड़ा है, वहाँ 81 में एक और 79 निहित है इसलिये वहाँ चौदह 79 है 1108 में शेष 2 के साथ।

16 **1121123 ÷ 8989** हल करें

	8 9 8 9) 1	**1**	**2**	**1**	**1**	**2**	**3**
1 0 1 1		1	0 2	1 0 4	1 2 0	2 4	4
	1	**2**	**4**	**6**	**4**	**8**	**7**

पहिला 1 उत्तर में नीचे आता है और ध्वज (Flagged) 1011 से गुणा करते हैं। इसे दूसरी पंक्ति में जैसा बताया है रखते हैं।

दूसरे स्तंभ को जोड़ कर हम 2 को नीचे उत्तर में रखें और तब इससे 1011 को गुणा करें 2022 को तीसरी पंक्ति में रखें।
तीसरे स्तंभ को जोड़ने पर 4 हुआ जिसे हम नीचे रखें और 1011 से गुणा भी करें। इसलिये हम 4044 को चौथी पंक्ति में रखते हैं और तब हम अंतिम स्तंभ को शेष प्राप्त करने के लिए जोड़ते हैं।

एक बार खड़ी लाईन खींच दी तो आप देख सकते हैं कि सवाल करने के लिये कितनी लाईन की आवश्यकता है, यह खड़ी लाईन के बांए, जितने अंक हैं के बराबर है (3 अंक और इसलिये 3 लाईन कार्य करने के लिये ऊपर उदाहरण 16 में)।

अभ्यास -L निम्नलिखित को भाग दें:

a 8 9)1 0 2 1 **b** 8 8) 1 1 2 2 **c** 7 9)1 0 0 1

d 8 8)2 1 1 1 **e** 9 7) 1 1 1 1 **f** 8 8 8) 1 0 0 1 1

g 8 8 7)1 1 2 4 3 **h** 8 9 9)2 1 2 1 2 **i** 9 8 8)3 0 1 2 5

j 8 8 9 9)2 0 1 0 2 0

---

a 11/42 b 12/66 c 12/53
d 23/87 e 11/44 f 11/243
g 12/599 h 23/535 i 30/485
j 22/5242

एक सरलीकरण

इन उदाहरणों (और आगे के अध्याय में) में कार्य करने के तरीके से छुटकारा पा सकते हैं सूत्र *''सीधे (खड़े) और तिरछे''* (*Vertically and Crosswise*) का उपयोग करें।

उदाहरण 15 में हमारे पास 21 ध्वज और उत्तर का प्रथम 1 है:

2 1
1 -

पहले खड़े गुणा करने पर मिलता है 2×1=2 जिसे 1108 के दूसरे कालम में जोड़ने पर मिलता है 3 जो उत्तर का दूसरा अंक:

2 1
1 3

इसलिय अब हम तिरछे गुणा करते हैं और 2×3 + 1×1 = 7 और इसको 1108 के शून्य में जोड़ते हैं जिससे 7 हुआ जो शेष का पहिला अंक है ।

2 1
1 3

अंत में दाय सें खड़े गुणा से मिलता है 1×3=3 जिसे 1108 के अंतिम अंक में जोड़ा जिससे 11 हुआ और पूरा शेष हुआ $7_11 = 81$.

इसी तरह बड़े सवाल उदाहरण 16 जैसे को किया जा सकता है।

15.5 भाजक आधार संख्या के ऊपर

एक बहुत इसी तरह का तरीका, लेकिन सूत्र *''पक्षान्तरण कर उपयोग करें''* (*Transpose and Apply*) के अंतर्गत, हमें किसी भी संख्या को ऐसी संख्या से भाग देने की अनुमति देता है जो आधार संख्या के निकट लेकिन आधार से ज्यादा है।

1489 ÷ 123 = 12 शेष **13.**

यहाँ हम देखते हैं कि 123 आधार 100 के पास है इसलिये हम दायें से 2 अंक के बाद खड़ी लाईन खींचते हैं।

वास्तव में तरीका पहले जैसा ही है सिवाय इसके कि हम ध्वज संख्या को शिरोरेखा (Bar) संख्या में लिखते हैं:

1 2 3) 1	**4**	**8**	**9**	
$\bar{2}\ \bar{3}$	$\bar{2}$	$\bar{3}$		
		$\bar{4}$	$\bar{6}$	
1	**2**	**1**	**3**	

पहिले 1 को नीचे उत्तर में लाएं।
इस 1 को ध्वज $\bar{2}\ \bar{3}$ से गुणा करें और नीचे लिखे $\bar{2}\ \bar{3}$ दूसरे कॉलम में जोड़ें और 2 को नीचे रखें।
इस 2 को $\bar{2}\ \bar{3}$ से गुणा करें और $\bar{4}\ \bar{6}$ रखें। तब अंतिम दो कालम को जोड़ें।

जैसा उपर बताया है सूत्र *''पक्षान्तरण कर उपयोग करें''* (*Transpose and Apply*) उपयोग किया है, क्योंकि हम वास्तव में 4, 8, 9 से घटा रहे हैं।

अभ्यास -M निम्नलिखित को भाग दें:

a 1 2 3)1 3 7 7 **b** 1 3 1)1 4 8 1 **c** 1 2 1)2 5 6

d 1 3 2)1 3 6 6 **e** 1 2 1 2)1 3 5 4 5 **f** 1 6 1)1 7 8 1

g 1 0 0 3)3 2 1 9 8 7 **h** 1 1 1)7 9 9 9 9

---

a 11/24 b 11/40 c 2/14
d 10/46 e 11/213 f 11/10
g 321/24 h 720/79

दो दूसरी विसंगति, जहाँ उत्तर या शेष में ऋणात्मक संख्या आती है उन्हें आगे ध्यान देना है।

18 **10121 ÷ 113 = 89** शेष **64**.

$$\begin{array}{llll|ll} \underset{\bar{1}}{\mathbf{1}}\ \underset{\bar{3}}{\mathbf{1}}\ \underset{\bar{3}}{\mathbf{3}}\ \mathbf{)\ 1} & & \underset{\bar{1}}{\mathbf{0}} & \underset{\bar{3}}{\mathbf{1}} & \mathbf{2} & \mathbf{1} \\ & & & 1 & 3 & \\ & & & & 1 & 3 \\ \hline \mathbf{1} & \bar{1} & \bar{1} & & \mathbf{6} & \mathbf{4} \end{array} = \mathbf{8964}$$

हम जब दूसरे कालम पर आते हैं तो हम पाते हैं कि हमें $\bar{1}$ को नीचे उत्तर में लाना है, इसे ध्वज $\bar{1}\,\bar{3}$ से गुणा किया मतलब 13 हुए जिसको तीसरी लाईन में जोड़ें (दो ऋणात्मक चिन्हों के गुणा से एक धनात्मक चिन्ह बनता है)

उत्तर $1\bar{1}\bar{1}$ हमें अन्त में मिला यह वही है क्योंकि 100–11 जो कि 89 है।

19 **2211 ÷ 112** हल करें।

$$\begin{array}{llll|ll} \underset{1\bar{2}}{\mathbf{1}}\ \underset{\bar{2}}{\mathbf{1}}\ \mathbf{2}\ \mathbf{)\ 2} & & \underset{\bar{2}}{\mathbf{2}} & & \mathbf{1} & \mathbf{1} \\ & & & & 0 & 0 \\ \hline \mathbf{2} & \mathbf{0} & & & \bar{\mathbf{3}} & \mathbf{1} \end{array} = 20 \text{ शेष } \overline{29} \text{ या } \mathbf{19} \text{ शेष } \mathbf{83}$$

भागफल 20, शेष – 29, मतलब कि 2211 है 29 कम 20 बार 112 से 29 कम है।

इसका मतलब यहाँ पर 2211 में 1122 केवल 19 बार आता है । इसलिये, हम जोड़ते हैं **112** को **–29** में जिससे भागफल 19 प्राप्त हुआ व शेष 83 बचा ।

अभ्यास -N निम्नलिखित को भाग दें:

a 1 1 2)1 2 3 4

b 1 2 1)3 9 9 3

c 1 0 3)4 3 2

d 1 0 1 2)2 1 3 1 2

e 1 2 2)3 3 3 3

f 1 2 3)2 5 8 4

g 1 1 3)1 3 6 9 6

h 1 2 1 2)1 3 7 9 8 7

i 1 1 1)7 9 9 9 9

j 1 2 1)2 6 5 2

k 1 2 3 1)3 3 0 3 3

---

a 11/02 b 33/00 c 4/20
d 21/060 e 27/39 f 21/01
g 121/23 h 113/1031 i 720/79
j 21/111 k 26/1027

"अब हम, आखिरकार, पुराने वायदे के अनुसार 'सीधे भाजन' नामक वैदिक विधि पर आ रहें हैं जिसमें उत्तर एक दृष्टिपात के साथ ही मिल जाता है। यह विधि उर्ध्वतिर्यक सूत्र का सरल और सहज अनुप्रयोग है तथा सभी प्रकरण में तत्काल ही लगती है। तथा जिसे हमने बार–बार विधियों की राजमणि कहा है वह सिर्फ इस कारण कि सार्विक अनुप्रयोग के अलावा दृष्टिपात के साथ मनुस्थ एक पंक्ति गणितीय संगणना विधि वाले वैदिक आदर्श का यह सर्वोत्तम तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती है।"

वैदिक गणित से, पेज नं. 217

अध्याय 16
मुकुट मणि

सारांश



16.1 ध्वज पर एक अंक– 2 अंकों की संख्या का एक लाईन में भाग
16.2 विभाजन विषयांतर– शेष जो चाहते हैं वह चुनना
16.3 बड़ी संख्याऐं– कितने भी अंक की संख्या को भाग देना
16.4 ऋणात्मक ध्वज अंक – कार्य का सरलीकरण करने के लिए शिरोरेखा संख्या का उपयोग
16.5 शेष को दशमलव में करना

16.1 ध्वज में एक अंक

विभाजित करने की सामान्य विधि, सीधा भाग भी कहलाती है, हमें कितने भी अंकों की संख्या को कितने भी अंकों की संख्या से एक लाईन में भाग देने की अनुमति देती है। श्री भारतीकृष्ण तीर्थजी, जिन्होंने वैदिक पद्वति की फिर से खोज की, इस तरीके को ''वैदिक गणित का मुकुटमणि'' कहा है।
यह सूत्र *''सीधे (खड़े) और तिरछे दोनो प्रकार से''* (*Vertically and Crosswise*) के अंतर्गत आता है।

1 माना कि हम 209 को 52 से भाग देना चाहते हैं।
हमें यह जानने की आवश्यकता है कि 209 में कितने 52 हैं।
पहले अंक को देखने पर हम पाते हैं कि 20 में 5 का भाग चार बार जायेगा हम 209 में चार 52 उम्मीद करते हैं।
हम 209 में चार 52 घटाते हैं यह देखने के लिये क्या बचा।
209 से चार 50 निकालने पर 9 बचा और हमें चार 2 भी निकलना आवश्यक है। यहाँ पर शेष 1 है।
हम प्रश्न को इस तरह जमाते हैं:

	2	2	0	9
5			0	
			4	1

भाजक 52 को लिखते वक्त 2 को *ध्वज* की तरह लिखते हैं और खड़ी लाईन दायें से एक अंक छोड़कर खींचते हैं, उत्तर 4 और शेष 1 को अलग करने के लिये ।

चरण (Step) हैं:
A. 20 में 5 का भाग देने पर भागफल **4** व शेष 0, जैसा बताया है।
B. उत्तर के अंक 4 को ध्वज 2 से गुणा करने पर मिला 8 और 09 से 8 को घटाने पर शेष **1**, जैसा बताया है।

2 321 में 63 का भाग दें।

हम प्रश्न को पहले की तरह लिखते हैं:

	3	**3**	**2**	**1**
6			**2**	
		5	**6**	

= 5 शेष **6**

32 को 6 से भाग देने पर मिलता है 5 शेष 2, जैसा दिखाया है और उत्तर 5 को ध्वज 3 से गुणा करने पर मिला 15 जिसे 21 से घटाने पर शेष 6 बचा।

यहाँ हम क्या कर रहे हैं, पांच 60 को 321 से घटाया, जिससे 21 बचा और तब पांच 3 को 21 से घटाया। इसका मतलब है कि हमने पांच 63 को घटाया और 6 बचा।

निम्नलिखित प्रश्नों को उपर दर्शाये गये तरीके से जमायें।

अभ्यास -A निम्नलिखित को भाग दें:

a 103 ÷ 43 **b** 234 ÷ 54 **c** 74 ÷ 23 **d** 504 ÷ 72

e 444 ÷ 63 **f 543 ÷ 82** **g 567 ÷ 93**

---

a 2r17 b 4r18 c 3r5 d 7r0
e 7r3 f 6r51 g 6r9

16.2 विभाजन विषयांतर (Digression) को छोटा करना

माना कि हम 10 को 3 से भाग देना चाहते हैं।
उत्तर साफ तौर पर 3 शेष 1 है 3)10

3 rem 1

लेकिन दूसरे उत्तर भी संभव है: 3)10 or 3)10 or even 3)10

2 rem 4 1 rem 7 4 rem 2

चूंकि ये सभी सही हैं हम इनमें से किसी एक को चुन सकते हैं जो विशेष सवाल के लिये अच्छा है।

अभ्यास -B प्रत्येक निम्नलिखित सवाल की नकल करें और प्रश्न चिन्ह को सही अंक से बदलें:

a 5) 2 1 — 3 शेष ?

b 7) 5 1 — 6 rem ?

c 4) 3 0 — 6 rem ?

d 3) 2 2 — ? rem 4

e 5) 4 2 — 6 rem ?

f 6) 3 9 — 4 rem ?

g 5) 2 4 — 5 rem ?

h 7) 2 6 — 4 rem ?

---

a 6 **b** 9 **c** 6 **d** 6

e 12 **f** 15 **g** $1\bar{}$ **h** $2\bar{}$

---

3 हल करें **503 ÷ 72.**

अगर हम पहिले की तरह आगे बढ़ते हैं:

	2	5	0	3
7				1
		7		

हम देखते हैं कि हमें 13 में से 14 घटाने पर उत्तर 7 शेष $1\bar{}$ मिलता है।

अगर ऋणात्मक संख्या हमें मंजूर नहीं है तो हम कह सकते हैं कि 50 को 7 से भाग देने पर ऊपर के सवाल में भागफल 7 शेष 1 नहीं है, लेकिन भागफल 6 शेष 8 है:

	2	5	0	3
7				8
		6		71

तब हम पाते हैं कि हमें 83 में से 12 घटाने पर धनात्मक शेष 71 प्राप्त हुआ।

उत्तर के अंक को 1 या 2 से कम करना कभी–कभी आवश्यक होता है अगर ऋणात्मक संख्या से बचना है। लेकिन यह ध्यान रखने योग्य बात है कि उत्तर का अंक एक से कम करते हैं तो शेष बढ़ जाता है भाजक (Divisor) के पहले अंक से । इसलिये उपर उत्तर 7 शेष 1 को 6 शेष 8 से बदल दिया हैः शेष 7 से बढ़ गया है, जो कि 72 का पहला अंक है।

उपरोक्त उदाहरण को पहले तरीके से आगे करने पर हमें मिलाः

	2	5	0	3
7				1
		7	$1\bar{}$	

= 6 शेष 71.

उत्तर में हमें 7 मिला वह दर्शाता है सात बार 72, इसलिये हम उसमें से एक 72 को निकालते हैं (उसमें 6 बच जाते हैं) और उसे ऋणात्मक शेष में जोड़ते हैं $72 + \bar{1} = 71$ शेष पाने के लिये।

अभ्यास -C निम्नलिखित को भाग दें:

a 97 ÷ 28 **b** 184 ÷ 47 **c** 210 ÷ 53 **d** 373 ÷ 63 **e** 353 ÷ 52

f 333 ÷ 44 **g** 267 ÷ 37 **h** 357 ÷ 59 **i** 353 ÷ 59

---

a 3r13 **b 3r43** **c 3r51** **d 5r58** **e 6r41**
f 7r25 **g 7r8** **h 6r3** **i 5r58**

16.3 बड़ी संख्याऐं

17496 ÷ 72 = 243 शेष 0.
तरीका बिल्कुल पहिले जैसा है और क्रम में होता जाता है

हम प्रश्न को सामान्य तरीके से जमाते हैं:

	2	**1**	**7**	**4**	**9**	**6**
7						

फिर 17 को 7 से भाग देते हैं और भागफल 2 शेष 3, नीचे रखते हैं, जैसा बताया:

	2	**1**	**7**	**4**	**9**	**6**
7			**3**			
		2				

तिरछे अंक 2, 3, 4 पर ध्यान दें।
आगे हम उत्तर के अंक को ध्वज के अंक से गुणा करें:
2×2=4, इसे 34 से घटायें
30 प्राप्त करने के लिए और तब 7 से फिर भाग दें, 4 शेष 2 प्राप्त करने के लिये जैसा बताया है

	2	**1**	**7**	**4**	**9**	**6**
7			**3**	**2**		
		2	**4**			

तब हम दोहराते हैं:अंतिम उत्तर के अंक को ध्वज से गुणा करते हैं जो 8 हुआ, इसे 29 से घटायें ।
21 प्राप्त करने के लिए तब 21 को 7 से भाग देने पर 3 शेष 0, जैसा बताया है

	2	**1**	**7**	**4**	**9**	**6**
7			**3**	**2**		0
		2	**4**	**3**		**0**

अंत में हम फिर उत्तर के अंतिम अंक को ध्वज से गुणा करें 6 प्राप्त हुआ और इस 6 को 6 से घटायें शेष 0 पाने के लिए।

यह ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बात है कि हम चक्र में आगे बढ़ते हैं जैसा चित्र में दिखाया है।

प्रत्येक चक्र पूरा होता है जैसे–जैसे कर्ण (digonal) नीचे जाता है ।

प्रत्येक चक्र मे होते हैं:

A. अंतिम उत्तर के अंक को ध्वज से गुणा करना,

B. इसे उपर दर्शाये दो तिरछे अंक से घटायें,

C. परिणाम को भाजक (Divisor)के प्रथम अंक से भाग दें और उतर व शेष को नीचे रखें.

यह है: (भाग), गुणा, घटाना, भाग;

गुणा, घटाना, भाग; . . .



5 **50607 ÷ 123 = 411 शेष 54.**

हालांकि भाजक में यहाँ तीन अंक हैं, 12 से भाग देना कोई समस्या नही है हम वही तरीका उपयोग कर सकते हैं:

3	5 0 6 0 7	
12	2 2 5	
	4 1 1	54

अभ्यास -D निम्नलिखित भाग करें (शेष पहले 4 प्रश्न के लिये शून्य है इसलिए अगर सही है तो आप जान सकते हैं):

a 19902 ÷ 62	**b** 44749 ÷ 73	**c** 1936 ÷ 88	**d** 4032 ÷ 72
e 4154 ÷ 92	**f** 23824 ÷ 51	**g** 92054 ÷ 63	**h** 142857 ÷ 61
i 12233 ÷ 53	**j** 9018 ÷ 71	**k** 8910 ÷ 72	**l** 23658 ÷ 112
m 40000000 ÷ 61	**n** 14018 ÷ 64	**o** 4712 ÷ 45	**p** 22222 ÷ 76
q 651258 ÷ 82	**r** 301291 ÷ 56	**s** 511717 ÷ 73	**t** 360293 ÷ 46

a 321	**b 613**	**c 22**	**d 56**
e 45r14	**f 467r7**	**g 1461r11**	**h 2341r56**
i 230r43	**j 127r1**	**k 123r54**	**l 211r26**
m 655737r43	**n 219r2**	**o 104r32**	**p 292r30**
q 7942r14	**r 5380r11**	**s 7009r60**	**t 7832r21**

16.4 ऋणात्मक ध्वजांक (Flag Digits)

जब ध्वज संख्या बहुत बड़ी हो तो हमें अक्सर कई बार भागफल के अंक (जैसा पिछले प्रश्न 4 में 7 को 6 किया)कम करना पड़ता है, ऋणात्मक ध्वज का उपयोग कर, कई बार कम करने की प्रक्रिया से बचा जा सकता है।

6 **97 ÷ 28 = 3 शेष 13.**

अगर हम हमेंशा की तरह करें तो हमें मिलता है:

	8	**9**	**7**
2			**3**
		3	**13**

हमें उत्तर के अंक को 4 से 3 करना है जिससे शेष काफी बड़ा हो।
ये कम करने की प्रक्रिया कई बार आती है जब ध्वज अंक बड़ा हो (यहाँ 8) इससे बचा जा सकता है 28 को $3\bar{2}$ की तरह लिख कर।

	$\bar{\mathbf{2}}$	**9**	**7**
3			**0**
		3	**13**

9 में 3 का भाग देने पर प्राप्त हुआ 3 व शेष 0
तब हम $\bar{2}$ को 3 से गुणा करते हैं, $\bar{6}$ हुआ और इसे 7 से घटाया.
लेकिन ऋणात्मक संख्या को घटाना मतलब जोड़ना, इसलिये हमें प्राप्त हुआ $7-\bar{6}=13$ शेष के लिए।

यह बहुत सरल है और इसका मतलब है कि:

> जब भी हम शिरोरेखा (Bar Number) संख्या का उपयोग ध्वज में करते हैं हम गुणा को प्रत्येक चरण (Step)में जोड़ते हैं घटाने के बजाय।

अभ्यास -E निम्नलिखित को भाग दें, उत्तर के साथ में शेष लिखें:

a 373 ÷ 58 **b** 357 ÷ 48 **c** 300 ÷ 59 **d** 321 ÷ 47

e 505 ÷ 78 **f** 543 ÷ 68

---

a 6r25 **b 7r21** **c 5r5** **d 6r39**
e 6r37 **f 7r67**

उलट गुणन (MULTIPLICATION REVERSED)

सीधे भाग देने को ''खड़े और तिरछे गुणन तरीके'' को उल्टा कर प्रदर्शित किया जा सकता है।

उदाहरण के लिये 4032÷72 दिया है:

```
  p q
  7 2
-------
4 0 3 2
```

हमें p और q का मान चाहिये जिससे संख्या pq को 72 से गुणा करने पर 4032 मिले। हम देखते हैं कि p का मान 5 होना चाहिये क्योंकि 4032 में जो 40 है उसके लिए p×7 उत्तरदायी है। और चूंकि 5×7=35 यहाँ 5 शेष है।

इसलिय अब हमारे पास है:

```
  5  q
  7  2
---------
4 0 5 3 2
```

532 शेष रहता है, जो कि तिरछे गुणन व दायीं दिशा में खड़े गुणन के लिये जिम्मेदार है । तिरछे गुणा करने पर हम देखते हैं हमारे पास 5×2=10 और इसे 532 के 53 में से 10 घटाने पर 43 हुआ जो तिरछे गुणा करने के दूसरे भाग 7×q से आना चाहिए यह हमें बताता है कि q का मान 6 होना चाहिए और शेष 1.

```
  5  6
  7  2
-----------
4 0 5 3 1 2
```

अब दायें से '12' पूरी तरह, खड़े गुणा करने के बराबर है, इसलिये शेष नहीं है
गुणा करने के उल्टे तरीके के समान सभी भाग किये जा सकते हैं और इस पाठ में बताये ''on the flag method'' तरीके को प्राप्त किया जा सकता है।

16.5 शेष को दशमलव में करना

हम भाग देने की प्रक्रिया को जब शेष तक पहुँच जायें, आगे बढ़ा सकते हैं जिससे उत्तर जितने दशमलव चाहिए प्राप्त कर सकें।

7 **40342 ÷ 73** पाँच दशमलव अंकों तक हल करें

```
 3 | 40342.000000
 7 |     5 3 5 4 1 1 3 62
   | 552.630137
```

उत्तर को 5 सही दशमलव तक प्राप्त करने के लिये हमारे पास 6 अंक दशमलव के बाद होना चाहिये, अगर हमें क्रिया को खत्म करने की आवश्यकता है तो। अतः हम 40342 के बाद दशमलव बिंदु लगाकर 6 शून्य रखते हैं ।
उत्तर में दशमलव बिन्दु भाज्य के अंतिम अंक से एक अंक बायें तरफ आता है जहाँ से पहिले खड़ी लाईन गई थी।
हम हमेशा की तरह आगे बढ़ते हैं, ध्वज से गुणा करे, घटायें व 7 से भाग प्रत्येक क्रम के लिये।
इसलिए उत्तर **552.63014** पाँच दशमलव अंक तक।

8 **23.1 ÷ 83** को 3 दशमलव अंक तक निकाले।

उत्तर साफ तौर पर 1 से कम है क्योंकि 23 कम है 83 से।

```
 3 | 23.1000
 8 |    7 9 5 2
   | 0.2783
```

पहिले की तरह दशमलव बिन्दू उत्तर के बायें एक अंक छोड़कर, जो कि **0.278** है।

अभ्यास -F 2 दशमलव अंक तक निकालें:

a 108 ÷ 31	**b** 4050 ÷ 73	**c** 9876 ÷ 94	**d** 25.52 ÷ 38
e 78 ÷ 49	**f** 6.7 ÷ 88	**g** 19 ÷ 62	**h** 62 ÷ 19

a 3.48	**b 55.48**	**c 105.06**	**d 0.67**
e 1.59	**f 0.08**	**g 0.31**	**h 3.26**

इस सीधे भाग देने को आगे पुस्तिका 2 में विकसित किया गया है। (या देखें संदर्भ 1, 3, 5).

वैदिक गणित सूत्र

1	एकाधिकेन पूर्वेन Ekā dhikena Pūrvena	पहले से एक अधिक के द्वारा
2	निखिलं नवतश्चरमं दशतः Nikhilam Navatascaramam Dasatah	सभी नौ में से व अंतिम 10 में से
3	उर्ध्वतिर्यग्भ्यामं Ūrdhva Tiryagbhyām	सीधे (खड़े) और तिरछे दोनों प्रकार से
4	परावर्त्य योजयेत् Parāvartya Yojayet	पक्षान्तरण कर उपयोग करें
5	शून्यं सामयसमुच्चये Sunyam Sāmyasamuccaya	समुच्चय समान होने पर शून्य होता है।
6	आनुरूप्ये शून्यं अन्यत् (Anurupya) Śūnyamanyat	अनुरूपता होने पर दूसरा शून्य होता है।
7	संकलन व्यवकलनाभ्यां Sankalana vyavakalanābhyām	जोड़कर और घटाकर
8	पूरणापूरणाभ्यां Pūranāpuranābhyām	अपूर्ण को पूर्ण करना
9	चलनकलनाभ्याम् Calana Kalanābhyām	चलन–कलन के द्वारा
10	यावदूनं Yāvadūnam	जितना कम है अर्थात विचलन
11	व्यष्टिसमष्टिः Vyastisamastih	एक को पूर्ण और पूर्ण को एक मानकर
12	शेषाण्यङेन चरमेण Sesanayankena Caramena	अंतिम अंक से अवशेष को
13	सोपान्त्यद्वयमन्त्यं Sopāntyadvayamantyam	अन्तिम और उप अन्तिम का दोगुना
14	एकन्यूनेन पूर्वेन Ekanūnena Pūrvena	पहले से एक कम के द्वारा
15	गुणितसमुच्चयः Gunitsamuccayah	गुणितों का समुच्चय
16	गुणकसमुच्चयः Gunakasamuccayah	गुणकों का समुच्चय

उप–सूत्र

1	आनुरूप्येण Anurupyena	अनुरूपता द्वारा
2	शिष्यते शेषसंज्ञः Sisyate Sesamj$\bar{n}$ah	बचे हुए को शेष कहते हैं
3	आधमाधेनान्त्यमन्त्येन $\bar{A}$dyam$\bar{a}$dyen$\bar{a}$ntyamantyena	पहले को पहले से अंतिम को अंतिम से
4	केवलैः सप्तकं गुणयात् Kevalaih Saptakam guny$\bar{a}$t	'क', 'व', 'ल' से 7 का गुणा करें
5	वेष्टनम् Vestanam	विभाजनीयता परीक्षण की विशिष्ट क्रिया का नाम
6	यावदूनं तावदूनं Y$\bar{a}$vad$\bar{u}$nam T$\bar{a}$vad$\bar{u}$nam	जितना कम उतना और कम
7	यावदूनं तावदूनीकृत्य वर्गं च योजयेत् Y$\bar{a}$vad$\bar{u}$nam T$\bar{a}$vad$\bar{u}$n$\bar{i}$krtya Varga$\bar{n}$ca Yojayet	जितना कम उतना और कम करके वर्ग की योजना भी करें
8	अन्त्ययोर्दशकेऽपि Antyayordaske'pi	अंतिम अंकों का योग दस
9	अन्त्ययोरेव Antyayoreva	केवल अंतिम द्वारा
10	समुच्चयगुणितः Samuccayagunitah	सर्व गुणन
11	लोपनस्थापनाभ्यां Lopanasth$\bar{a}$pan$\bar{a}$bhy$\bar{a}$m	विलोपन एवं स्थापना द्वारा
12	विलोकनं Vilokanam	अवलोकन द्वारा
13	गुणितसमुच्चयः समुच्चयगुणितः Gunitsamuccayah Samuccayagunitah	गुणकों के समूहों का गुणनफल और गुणनफल के गुणांकों का योग समान होगा।
14	ध्वजांक Dhavaj$\bar{a}$nka	घात के स्थान का अंक

9 बिन्दू वृत्त


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8


9,0
1
2
3
4
5
6
7
8

संदर्भ

1. श्री भारती कृष्ण तीर्थ जी, ''वैदिक गणित'', मोतीलाल बनारसीदास द्वारा प्रकाशित, 1965. ISBN 81-208-0163-6.

2. "सेलीब्रेटिंग परफेक्सन इन एज्यूकेशन", महर्षि युनिवर्सीटी प्रेस 1997. ISBN 81-7523-013-4.

3. Williams K. R. "डिसकवर वैदिक मेथेमेटिक्स". वैदिक मेथेमेटिक्स रिसर्च ग्रुप, 1984. ISBN 1-869932-01-3.

4. Williams K. R. and M. Gaskell "दि कॉस्मिक केल्कूलेटर". मोतीलाल बनारसीदास, 2002. ISBN 81-208-1871-7.

5. Nicholas A. P., K. Williams, J. Pickles. वरटीकली ंएण्ड क्रोसवाईज. प्रोत्साहनात्मक किताबें, 1984. ISBN 1-902517-03-2.

6. श्री भारती कृष्ण तीर्थ जी , "वैदिक मेटाफिजिक्स", मोतीलाल बनारसीदास द्वारा प्रकाशित, 1978. ISBN 0-89581-472-2.

वैदिक सूत्रों की अनुक्रमणिका (सूची)

सूत्र

पहले से एक अधिक के द्वारा 3, 97, 109, 118

सभी नौ में से परन्तु अंतिम दस में से 48-, 70, 77, 87, 90, 97, 147, 149

सीधे (खड़े) और तिरछे दोनों प्रकार से 60, 66, 72, 106-, 121, 135-, 152-

पक्षांतरण कर उपयोग करें 130-, 150

समुच्चय समान होने पर शून्य होता है 28

जब एक अनुपात में होता है तो दूसरा शून्य होता है

जोड़कर और घटाकर 11,82

अपूर्ण को पूर्ण करके (4)

चलन–कलन के द्वारा

जितना कम है अर्थात् विचलन 5, 75

एक को पूर्ण और पूर्ण को एक मानकर 99

शेष को अंतिम अंक से

अंतिम और उप अंतिम का दोगुना 22, 81, 82

पहिले से एक कम के द्वारा 51, 52, 97

गुणितों का समुच्चय :32

गुणकों का समुच्चय
सभी गुणक

वैदिक उप–सूत्रों की अनुक्रमणिका

उप–सूत्र

अनुरूपता के द्वारा 14, 71, 73, 96, 99, 102

बचे हुए को शेष कहते हैं

पहले को पहले से अंतिम को अंतिम से 79-, 98, 126

'क', 'व', 'ल' से 7 का गुणा करें

विभाजनियता परीक्षण की एक विशेष क्रिया का नाम

जितना कम उतना और कम

जितना कम उतना और कम करके वर्ग की योजना भी करें 75

अंतिम अंकों का योग दस 98

केवल अंतिम द्वारा

सर्व गुणन

विलोपन एवं स्थापना द्वारा 54

अवलोकन द्वारा 102

गुणकों के समूहों का गुणनफल और गुणनफल के गुणांकों का योग समान होगा 32

घात के स्थान का अंक 41, 46, 77

अनुक्रमणिका

जोड़ 4-, 54
बायें से दायें 40
अंकों को 24
बीजगणितीय गुणा 112
बीजगणितीय वर्ग 124
शिरोरेखा संख्या 85
लाभ 88
आधार गुणन 59
आधार संख्यायें 49
नौ के अंक को बाहर निकालना 26
गणना की जांच 79
पूर्ण 4
मुकूटमणि 152
कमी 5, 65
अंक 24
अंक जोड़ 24
जांच 31, 78, 84, 114
वर्ग की 125
पहेली 29
विभाजनीयता 81
भाग
5 आदि से 21
8 आदि से 143
99 आदि से 145
नौ से 139
जांच 78
संख्यायें आधार से थोड़ी उपर 150
संख्यायें आधार से थोड़ी नीचे 146
सामान्य 152
संख्या विभाजन 57
दोगुना व आधा 14-, 43
डुप्लेक्स 121, 128
समीकरण 130
पहाड़े आगे बढ़ाना 19
भिन्न 134
तुलना 137
आधा करना 17
बायें से दायें गणनाएं
जोड़ 40
लाभ 47
घटाना 44
गुणन 42
गुणक खिसकाना 109
गुणक
द्विपद 112
4 आदि से 16
5 आदि से 20
11 से 92
9 से 94
सभी नौ से..... 59
पहला पहले से 98
देख कर 101
एक अधिक से 96
औसत के उपयोग से 99
खड़े व तिरछे से 59-, 105
जांच 33
सामान्य 105
बायें से दायें 42
गुणक खिसकाकर 109
आधार के पास 59
विभिन्न आधार के पास 74
अस्थाई आधार के पास 71
संख्या विभाजन 56
विपरीत करना 158
बायें से दायें 116
वर्ग करना 119
पहाड़े 19, 59
मानसिक जोड़ना 6
मानसिक अंकगणित 41, 69
मुद्रा 53
गुणक खिसकाकर 109
गुणक 4
नौ बिंदु वृत्त 26
संख्या विभाजन
जोड़ 54
भाग 18, 57
गुणन 56
वर्ग करना 123
घटाना 55
प्रतिशत 102
आवृति दशमलव 64
संख्याओं को दोहराना 101
रशियन पिज़ेन्ट गुणन 69
विशेष भाग 139
विशेष गुणन 92
विशेष संख्याऐं 101
पूर्ण वर्ग का वर्गमूल 126
वर्ग निकालना 119
बीजगणितीय 124
सामान्य विधि 121
संख्यायें आधार संख्या के निकट 75
50 के पास की संख्यायें 120
संख्यायें जिनके अंत में पांच 119
सीधा भाग 105
घटाना 12, 55
सभी 9 से 49-, 88
जांच 45
आधार से 49
बायें से दायें 44
दस बिन्दु वृत्त 3
वैदिक वर्ग 34

वैदिक गणित की और किताबें

शिक्षक मार्गदर्शिका (मध्यवर्ती)

यह प्रारंभिक किताब की तरह है लेकिन इसका क्षेत्र विशाल और विस्तृत है (5 से 10 तक की कक्षा के शिक्षक के उद्देश्य से)। इसके अन्तर्गत divisibility, square roots, applications of triples, further equations, combined operations आदि क्रियाएं निहित हैं. ISBN 978-1-902517-17-9

अग्रवर्ती शिक्षक मार्गदर्शिका (Advance)

इसके अन्तर्गत : calculus, series, logs and exponentials, trigonometry (including solving trig equations, proving identities), solution of equations (special types, quadratics, cubics, transcendental), complex numbers, coordinate geometry, transformation geometry, Simple Harmonic Motion, projectile motion, forces, work moments, आदि आते हैं। ISBN 978-1-902517-18-6

कॉस्मिक कम्प्यूटर (संक्षिप्त संस्करण)

यह आगे वर्णित पाठ्यक्रम का छोटा संस्करण है इसमें कहीं–कहीं बहुत विचित्र वैदिक विधियाँ हैं। यह एक सुंदर सचित्र पूरे रंगीन पृष्ठों के साथ, पूर्ण जिल्द की हुई पुस्तक है। वैदिक गणित का विस्तृत परिचय इसमें मिलता है लेखक: Kenneth Williams and Mark Gaskell. 216 pages. Almost A4 in size. 1997. ISBN 978-0-9531782-0-9

कॉस्मिक कम्प्यूटर पाठ्यक्रम

यह इंग्लेण्ड व वेल्स के राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के तीन महत्वपूर्ण चरण (11–14 की उम्र) को शामिल करती है। इसमें तीन पाठ्यपुस्तकें, एक शिक्षक मार्गदशिका व एक उत्तर पुस्तिका है। किताब 1 में अधिकतर सामग्री 8 वर्ष के बच्चों के लिये उपयुक्त है यहाँ से इसे पेथोगोरस थ्योरम, द्विघाती समीकरण जैसे विषय के लिये किताब 3 में विकसित किया गया है। शिक्षक मार्गदर्शिका में प्रत्येक किताब का सारांश सम्मिलित है, साथ ही एक एकीकृत क्षेत्र चार्ट (गणित के सभी विषय और यह दिखाते हुए कि प्रत्येक भाग एक दूसरे से कैसे जुड़े हैं), सैकड़ों मानसिक परीक्षण (ये पिछले कार्य को दोहराते हैं, नये विचारों को उत्पन्न करते हैं और आगे के पाठ्यक्रम से पूरी तरह सहबद्ध हैं) तेज विद्यार्थियों के कक्षा कार्य के लिए अतिरिक्त शीट (16 प्रत्येक किताब में) संशोधन परीक्षण, खेल, कार्य पत्र आदि हैं।

डिसकवर वैदिक गणित (MATHEMATICS)

इसमें 16 अध्याय हैं, प्रत्येक अध्याय वैदिक सूत्र या उप–सूत्र पर केन्द्रित है और उनके, कई प्रयोग दर्शाता है। यह कुछ विस्तार, विविधता, स्पष्टीकरण, प्रमाण के साथ हैं। इसमें GCSE और 'A' level की परीक्षा के प्रश्नों के हल भी हैं। लेखक: K. Williams, 216 pages. 1984.

ट्रिपल्स

यह किताब Pythagorean Triples (जैसे 3,4,5) के प्रयोग को दर्शाती है। ट्रिपल संयोजन (combining triples) की सरल व सुन्दर व्यवस्था से, गणित के व्यापक क्षेत्र के प्रश्नों को हल करने की अप्रत्याशित व प्रभावकारी सामान्य विधि मिलती है, जिसमें परम्परागत विधि से बहुत कम श्रम लगता है। आसान पाठ इस विधि को पूर्ण रूप से समझाता है, जिसका प्रयोग trigonometry (आपको कोई भी जटिल सूत्रों की आवश्यकता नहीं), coordinate geometry, simple harmonic motion, astronomy आदि में होता है। लेखक: K. Williams, 176 pages, paperback.

वर्टिकली एण्ड क्रॉसवाइज

एक सूत्र पर 16 अध्याय की यह एक अग्रवर्ती (Advanced) किताब साधारण गुणा करने से लेकर नॉन–लिनियर पारशियल डिफरेंशियल इक्वेशन तक को हल करने के लिए है। इसका सम्बन्ध है (i) calculation of common functions and their series expansions, (ii) the solution of equations, starting with simultaneous equations and moving on to algebraic, transcendental and differential equations. लेखक : A. P. Nicholas, K. Williams, J. Pickles, 200 pages, paperback, 1999.

नेच्यूरल केल्कुलेटर

यह किताब मानसिक गणित पर केंद्रित है और इसके गुणों की रूप रेखा का विस्तृत परिचय देती है। इसमें 9 अध्याय हैं मुख्यतः गुणन लेकिन जोड़, घटाना भाग भी शामिल हैं। लेखक: K. Williams, 100 pages, paperback. ISBN 978-1-902517-15-5

विस्तृत जानकारी व दूसरी किताबों के लिये कृपया देखें: **http://www.vedicmaths.org**